तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

14 आमागढ़ हाईस्कूल का परीक्षाफल 100 प्रतिशत...



14 भानुप्रतापपुर में हत्या की साजिश का खुलासा...





## खबर संक्षेप



### चालक की लापरवाही से पलटा वाहन

**कांकेर।** नरहरपुर से कांकेर मार्ग पर चंवाड़ के पास 29 अप्रैल को एक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें लापरवाह चालक की वजह से वाहन पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज गति में था और मोड़ पर चालक संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के समय वाहन में केवल चालक ही सवार था। गनीमत रही कि चालक इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गया और उसे गंभीर चोट नहीं आई।

### बुर्जुग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आँखीहर्रा निवासी 80 वर्षीय घस्सूराम पिता जड़े सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि आत्महत्या के पीछे का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ सका है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### जाँच के बाद दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार 26 जनवरी 2026 को श्रवण तारम और मोतीराम जुर्री स्कूटी से मेला देखने चारामा गए थे। शाम करीब 5 बजे एनएच 30 स्थित धम्म विहार के पास एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान मोतीराम जुर्री को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 6 फरवरी 2026 को उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने गवाहों के बयान, पीएम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत मुल्ले निवासी 14 वर्षीय बालिका योगेश्वरी पोटाई पिता रमेश पोटाई को किसी अज्ञात कारण से स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए कांकेर जिला अस्पताल ले जाया गया था। चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी था, लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजन बालिका की अचानक मौत से स्तब्ध हैं, वहीं मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है।

## परिणाम : टापटेन में 10 वीं में एक व 12 वीं में तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

# 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कांकेर प्रदेश में तीसरे स्थान पर, टापटेन में छात्राओं का कमाल

- दसवीं की टापटेन की सूची में चारामा के प्राइवेट स्कूल की एक छात्रा रही आठवें स्थान पर
- बारहवीं की टाप टेन की सूची में 03 छात्र, तीनों रहे दसवें नंबर में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बारहवीं और दसवीं में इस बार उत्तीर्ण होने का प्रतिशत दस सालों में सबसे ज्यादा रहा वहीं कांकेर जिला प्रदेश में बारहवीं और दसवीं में तीसरे स्थान पर रहा, जबकि विगत वर्ष बारहवीं में तीसरे स्थान पर एवं दसवीं में पांचवे स्थान पर था। पिछले वर्ष कांकेर के छात्र टाप टेन में पहले स्थान पर थे, परंतु इस बार दसवीं में टाप टेन में जिले से 01 छात्र और बारहवीं में तीन छात्र ने टाप टेन में नाम दर्ज कराया है। जिले में बारहवीं का प्रतिशत पिछले साल 90.69 था, जो इस बार बढ़कर 93.75 प्रतिशत और दसवीं का पिछले साल 91.05 था, जो इस बार बढ़कर 93.68 प्रतिशत रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परिणाम के तहत बारहवीं का प्रतिशत 93.75 रहा जिसमें बालक का प्रतिशत 92.03 और बालिकाओं का प्रतिशत 95.05 रहा वहीं दसवीं का प्रतिशत 93.68 रहा जिसमें बालक का प्रतिशत 92 और बालिकाओं का प्रतिशत 9506 रहा। जिले में संचालित 247 हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में जिले के बोर्ड कक्षाओं में रिजल्ट प्राप्त करने के उददेश्य से हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत प्रारंभ से ही बोर्ड कक्षाओं के रिजल्ट में सुधार हेतु विशेष प्रयास किए जाते रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 8884 छात्र सम्मिलित हुए जिनमें से 6075 विद्यार्थियों अर्थात 68.38 प्रतिशत बच्चे प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 2202 विद्यार्थियों ने द्वितीय और सिर्फ 14 छात्र-छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें से एक छात्रा ने राज्य की प्रवीण्य सूची में अपनी जगह बनाई है।

उन्होंने बताया कि इसी तरह कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 7662 बच्चों ने भाग लिया जिनमें से 5371 प्रथम श्रेणी अर्थात 70.09 प्रतिशत छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 1777 द्वितीय श्रेणी और मात्र 19 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे, जिसमें से तीन विद्यार्थियों ने राज्य की मेरिट सूची में स्थान बनाया है।

### ईशा का सपना है आईएएस बनना

चारामा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि नगर की होनहार छात्रा ईशा दुर्गासी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में



शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की टॉप टेन सूची में 8 वां स्थान प्राप्त किया है। ईशा के पिता चंद्रशेखर दुर्गासी कृषक हैं, जबकि माता लक्ष्मी दुर्गासी प्राथमिक शाला में शिक्षिका हैं। ईशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और स्कूल प्रबंधन को दिया है। उनका सपना भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश और समाज की सेवा करना है।

### किसान की बेटी बनना चाहती है डॉक्टर

ग्राम पीवी 119 की छात्रा अपर्णा विश्वास ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार सफलता हासिल करते हुए टॉप टेन में दसवाँ स्थान प्राप्त किया है। अपर्णा के पिता किसान हैं और माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अपर्णा रोजाना लगभग



पांच घंटे पढ़ाई करती थीं। अपर्णा ने बताया कि वह अपनी दादी से बहुत प्रेरित थीं। दादी की लगातार खराब तबीयत को देखकर उन्होंने बचपन में ही निश्चय कर लिया था कि वह डॉक्टर बनेंगी और मरीजों की सेवा करेंगी। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर उन्होंने कड़ी मेहनत की। अपर्णा को विश्वास था कि वह टॉप टेन में स्थान बनाएंगी और उन्होंने अपनी उम्मीद को सच कर दिखाया। टॉप टेन में चयन की जानकारी उन्हें उनके शिक्षकों ने फोन पर दी, जिससे उन्हें अपनी सफलता का पता चला।

### गरीब मजदूर की बेटी ने टॉप टेन में बनाया स्थान

रघुराज सिंह देव शासकीय आदर्श उमावि लखनपुरी की होनहार छात्रा महेश्वरी कोर्राम ने



12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में दसवाँ स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। उनके पिता छविराम कोर्राम कृषि मजदूर हैं, फिर भी सीमित संसाधनों के बीच महेश्वरी ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। महेश्वरी ने इतिहास विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रा ने बताया कि वह प्रतिदिन 5 से 6 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। पढ़ाई के साथ-साथ उनकी रुचि खेलकूद में भी है। भविष्य में महेश्वरी प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करना चाहती हैं।

### पिता प्राइवेट स्कूल का बस चालक, बच्चे ने किया कमाल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आत्मानंद नरहरदेव के होनहार छात्र यश खोब्रागढ़ ने कक्षा



12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप टेन में दसवां स्थान हासिल किया है। अपनी इस सफलता से यश ने विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यश ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पिता, शिक्षकों और कठिन परिश्रम को दिया। यश दिव्यांग होने के बावजूद कभी हिम्मत नहीं हारे। बचपन में ही उनकी माता का साया सिर से उठ गया था, जिसके बाद उनके पिता, जो एक निजी स्कूल बस चालक हैं, ने कठिन परिस्थितियों में उनका पालन-पोषण किया। सीमित संसाधनों के बावजूद यश ने निरंतर मेहनत की और यह मुकाम हासिल किया। यश ने बताया कि वे आगे बीकॉम की पढ़ाई कर किसी कंपनी के सीईओ बनना चाहते हैं।

### कलेक्टर एवं सीईओ ने दी शुभकामनाएं

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सफल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही उन्होंने जिले के पासिंग पर्सेंटेज व बोर्ड कक्षाओं में प्रथम स्थान हेतु अधिक से अधिक बच्चों के चयन होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों, पालकों, प्राचार्यों, शिक्षकों को उनके अथक एवं सतत परिश्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### पाँच साल का परिणाम के प्रतिशत का आंकड़ा

| वर्ष | 10 वीं का प्रतिशत | 12 वीं का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2022 | 82.24 | 84.02 |
| 2023 | 91.47 | 90.32 |
| 2024 | 92.44 | 92.08 |
| 2025 | 91.05 | 90.69 |
| 2026 | 93.68 | 93.75 |



### सर्चिंग के दौरान जंगलों से की बरामद घातक आईईडी व नक्सली सामग्री

**कांकेर।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में चलाए गए संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सलियों के उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं। जिले में नक्सलियों के हथियार डाल दिए जाने के उपरांत उनके डंप व जखीरा को निकालने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुन्दरराज पी. के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन में टीम जंगल में जा रही है, इसी के तहत 27 व 28 अप्रैल को डीआरजी, जिला पुलिस बल, बीएसएफ और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) की संयुक्त टीम ने आमाबेड़ा, कोरर और ताड़ोकी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत ग्राम बड़ेधौसा, मानकोट, उपरकोटगांव और जिवलामारी के जंगल-पहाड़ी इलाकों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने जंगल क्षेत्र से 07 नग 5-5 किलो के प्रेशर कुकर आईईडी, 02 पाइप बम, 01 कोडेक्स वायर, 03 बंडल वर्दी कपड़ा और 07 बंडल इलेक्ट्रिक वायर सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया। बीडीएस टीम ने मौके पर ही सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी विस्फोटकों को सावधानीपूर्वक डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर साव, डीआरजी कमांडर बलराम उसेंडी और चंद्रशेखर ठाकुर सहित डीआरजी, जिला पुलिस बल और बीएसएफ के जवान शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपकर फर्जी व भ्रामक कंटेंट पर रोक की मांग की

- शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर भी जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक कथित एआई जनित वीडियो को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि को धूमिल करने के आरोप में पार्टी नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है।

हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दो आईडी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल से संबंधित आपत्तिजनक, भ्रामक तथा एआई तकनीक से तैयार कर वीडियो प्रसारित किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग किया। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक और फर्जी कंटेंट पर तत्काल रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। ज्ञापन



सौंपने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने शहर की अन्य समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने नशाखोरी, देह व्यापार और बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई की आवश्यकता जताई, ताकि शहर में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस प्रकार की तकनीक का दुरुपयोग कर किसी भी जनप्रतिनिधि की छवि खराब करने का प्रयास अत्यंत चिंताजनक है। इससे न केवल संबंधित व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है, बल्कि आम जनता के बीच भ्रम और अविश्वास का माहौल भी बनता है। इस घटना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने के द्वारा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्ट्रीट फूड वेंडर व फल दुकानों की जांच कर दी गई हिदायत

**कांकेर।** जिले में आम लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन जांच और जागरूकता अभियान शुरू किया है। "सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार" थीम पर चल रहे इस अभियान में बाजारों, चौक-चौराहों और खाद्य प्रतिष्ठानों पर लगातार



निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर विभागीय टीमों ने फल दुकानों, स्ट्रीट फूड वेंडरों, गुपचुप और चाट ठेलों की जांच किया। अभियान में जिले को कार्बाइड मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने फल विक्रेताओं को स्पष्ट किया कि कैल्शियम कार्बाइड जैसे रसायनों से पकाए गए फल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हैं और इससे पेट की परेशानी, तंत्रिका तंत्र पर असर और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई और प्राकृतिक तरीके अपनाने की सलाह दी गई। निरीक्षण के दौरान कई जगह स्वच्छता व्यवस्था ठीक नहीं मिली। खाद्य सामग्री खुले में रखी पाई गई और कुछ विक्रेता बिना ग्लव्स और कैप के काम करते नजर आए। इस पर अधिकारियों ने तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए नियमों की जानकारी दी, ताकि सुरक्षित तरीके से खाद्य सामग्री तैयार और बेची जा सके।

## जमीन बंटवारे को लेकर हुई पारिवारिक लड़ाई, आंगन बना मारपीट का मैदान

- नाती के नाम पर जमीन करने को लेकर बढ़ा विवाद
- गाली-गलौज के बाद डंडा-बैट से की गई मारपीट

**कांकेर।** जिला मुख्यालय कांकेर से सटे ग्राम गोविंदपुर में पारिवारिक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जब जमीन के बंटवारे को लेकर शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना ने न केवल एक परिवार को झकझोर दिया, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते पारिवारिक तनाव की ओर भी संकेत किया है। जानकारी के अनुसार गोविंदपुर निवासी 46 वर्षीय सत्या गंगबेर ने पुलिस को बताया कि मैं अपने पति शंभुलाल गंगबेर के साथ 28 अप्रैल को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने मूलगांव डोड़कावाही, पत्थर्रीपारा गई थीं और शाम करीब 7 बजे वे अपने देवर कन्हैया लाल गंगबेर और देवरानी पुष्पा गंगबेर के साथ घर के आंगन में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान रायपुर में रहने वाले परिवार के अन्य सदस्य कैलाश गंगबेर, उनकी पत्नी सुनीता गंगबेर, बेटे इन्द्रजीत गंगबेर और दुस्यंत गंगबेर तथा सास सतरूपा गंगबेर वहां पहुंच गए। उनके द्वारा जमीन को नाती इन्द्रजीत के नाम किए जाने को




लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि कैलाश, इन्द्रजीत, दुस्यंत और सुनीता गुस्से में आकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतर आए। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और हाथ, मुक्का, डंडा व बैट से हमला किया। इस घटना में सत्या गंगबेर को हाथ, गाल और होंठ में चोटें आईं, जबकि उनके पति शंभुलाल गंगबेर के सिर, कंधे, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें दर्ज की गईं, वहीं देवर कन्हैया गंगबेर के सीने और पीठ पर भी चोटें आई हैं। पीड़िता के द्वारा कांकेर थाना में शिकायत करने पर कांकेर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दिया है।

## कलाकृतियों पर चिपके पोस्टर से मरीन ड्राइव की खूबसूरती बिगड़ी

# मरीन ड्राइव की सुंदरता पर अवैध पोस्टर हैं दाग, पालिका की मेहनत पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने की दिशा में नगर पालिका द्वारा किए गए प्रयासों पर अब अवैध विज्ञापनों ने पानी फेर दिया है। मरीन ड्राइव की दीवार को लेखन और आकर्षक पेंटिंग के माध्यम से सजाया गया था, जिस पर बेतरतीब ढंग से चिपकाए गए पोस्टरों के कारण अपनी पहचान खोता नजर आ रहा है। इस मार्ग से नेता व अधिकारी गुजरते है, परंतु पोस्टर चिपकाने वालों पर न तो कार्रवाई करते है और न ही जुर्माना वसूला जाता है। नगर पालिका ने इस क्षेत्र को सौंदर्यीकरण अभियान के तहत विशेष रूप से विकसित किया था। दीवारों पर सामाजिक संदेश, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाने वाली कलाकृतियां बनाई गई थीं, जो नागरिकों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, लेकिन अब वही दीवारें निजी कोचिंग संस्थानों और अन्य संगठनों के विज्ञापन पोस्टरों से ढंकती जा रही है। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि एक ही स्थान पर कई-कई पोस्टर चिपकाए गए हैं।

▶▶| शेष पेज 12 पर

### जुर्माना ठोका जाएगा और दर्ज होगी एफआईआर



नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक से इस विषय पर बात किया तो उन्होने कहा कि पोस्टर लगाने वालों पर जुर्माना ठोका जाएगा और उसके बाद भी नहीं सुधरने पर पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

### बिना अनुमति पोस्टर या विज्ञापन चिपकाना दंडनीय अपराध

नियमों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के पोस्टर या विज्ञापन चिपकाना दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद इस तरह की गतिविधियों का खुलेआम होना यह दर्शाता है कि संबंधित विभाग द्वारा पर्याप्त निगरानी नहीं की जा रही है। यह भी आवश्यक है कि नगर पालिका नियमित रूप से ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण करे और दीवारों की साफ-सफाई सुनिश्चित करे।

## बोर पंप, पाइप और केबल उखाड़ ले गए चोर, किसान को 45 हजार की क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा क्षेत्र के ग्राम गोटीटोला के एक किसान के खेत से अज्ञात चोरों ने सबमर्सिबल पंप, जीआई पाइप और केबल वायर चोरी कर लिया, जिससे किसान को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। किसान की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने जाँच शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गोटीटोला निवासी 29 वर्षीय किसान रूद्र प्रकाश साहू ने पुलिस को बताया कि अपने खेत में बोरिंग कराकर सबमर्सिबल पंप के माध्यम से सिंचाई कर खेती करता है। मैं 26 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे अपने खेत गया था, जहां बोर में लगा पंप और अन्य उपकरण सुरक्षित स्थिति में थे, लेकिन अगले दिन 27 अप्रैल




को सुबह लगभग 11 बजे जब वह फिर से खेत पहुंचा, तो उसने देखा कि बोर में लगा सबमर्सिबल पंप, जीआई पाइप और केबल वायर गायब थे। मौके पर जांच करने पर पाया गया कि पंप से जुड़ा केबल वायर काट दिया गया था और बोर से पाइप व पंप को निकालकर चोरी कर लिया गया है। आसपास ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि रात के समय एक चार पहिया वाहन खेत के पास खड़ा देखा गया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर उसी वाहन में चोरी की सामग्री लोड कर ले गए। मौके पर वाहन के टायर के निशान भी मिले हैं, जिससे चोरी की पुष्टि होती है। चोरी गई सामग्री में सबमर्सिबल पंप की कीमत लगभग 21 हजार रुपए, 15 नग जीआई पाइप की कीमत 19,500 रुपए और 180 फीट केबल वायर की कीमत 4,500 रुपए बताई गई है। कुल मिलाकर किसान को करीब 45 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

पीड़ित किसान ने थाना चारामा में लिखित आवेदन देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज करने और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दिया है।



### भाजपा पार्षद ने थाने में की शिकायत

भानुप्रतापपुर। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के कांग्रेस पार्षद विजय धामेचा द्वारा वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा पार्षद राजकुमार यादव के साथ हुई निजी बातचीत को सार्वजनिक कर दिया गया, जिससे पार्षद राजकुमार यादव आहत और नाराज हो गए। उन्होंने इसे निजता का उल्लंघन बताते हुए भानुप्रतापपुर थाना में आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत दर्ज कराने के दौरान जुगल किशोर शर्मा, नरोत्तम सिंह चौहान और अनीता शर्मा सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### बस्तर मुन्ने अभियान : 1 मई से गांव-गांव लगेंगे शिविर

कोण्डागांव। बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत 1 मई से जिले के विभिन्न ग्रामों में ग्राम स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों से मौके पर ही आवेदन लेकर उनका निराकरण किया जाएगा। शिविरों के सुचारू संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभारी एवं सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने गांव में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें और योजनाओं का लाभ उठाएं। भीरागांव ब, कुम्हारपारा, सिरसिबेड़ा, मसौरा, गिरोला, सातगांव, पल्ली, सितली, चिलपुटी, पलारी, डोंगरीगुड़ा, बफना, बड़े भिरावंड, छोटेभिरावंड, छोटेबंजोड़ा, नेवता, मुलमुला, धनपुर, लेमडी, खड़का, भोगाड़ी। फूफा गिरोला, इंदागांव, फरसगांव, लखनपुरी, मरवाबेडा, चिपावंड, उमरगांव ब, कुलझर, भगदेवा, सिघनपुर, बड़ेसिलाटी, मालगांव, कुम्हारी, निलजी, भीरागांव अ, कोकोड़ी, करंजी, बड़ेकनेरा, कमेला, कुकाड़गारकापाल, जरेबेंदरी। बड़े बेंदरी, बोलबोला, बाखरा, काकड़ाबेड़ा, डोंगरसिलाटी, कतावंड, सिदावंड, दहीकोंगा, राजागांव, बनियागांव, सुकुरपाल, जोबा, घोड़ागांव, माकड़ी, चिखलपुटी, कुसमा, कचोरा, सोनाबाल, बड़ेउसरी। रबनउसरी, चिचपोलंग, बोटिकनेरा, करनपुर, मुनगापदर, बड़ेबजोड़ा, पुसावंड, मोहलई, खचगांव, मड़ानार, नगरी, संबलपुर, बम्हनी, इसलनार, चमई, हंगवा, कारसिंग, बोरगांव, मयूर डोंगर, पोलांग, खण्डाम।

### 1 मई से शुरू होगा जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन शिविर

कोण्डागांव। जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिला मुख्यालय कोंडागांव में 1 मई से 21 मई 2026 तक 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में फुटबॉल, तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जुडो, कराते, तैराकी, कैरम एवं शतरंज जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रातः 6 से 7:30 बजे तथा शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। बच्चों को खेल के साथ-साथ हस्तशिल्प, पेंटिंग, पोटरी, योग, वैदिक गणित, नृत्य-संगीत, वादन, बोनसाई, बुके मेकिंग और पेपर आर्ट का भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी बड़ेकनेरा रोड स्थित वरिष्ठ खेल अधिकारी कार्यालय या जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पंजीयन करा सकते हैं।
शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# मयूर डोंगर में माता की भव्य जतरा : आस्था और श्रद्धा का उमड़ा जनसैलाब

## वन मंत्री कश्यप ने की पूजा अर्चना, धार्मिक उत्सव में कई गांवों से पहुंची माता की डोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मयूर डोंगर में आज माता के पारंपरिक जतरा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर माता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस धार्मिक आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं। जतरा में आसपास के अनेक गांवों से देवी-देवताओं की डोलियां बड़े ही श्रद्धा और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ लाई गईं। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच भक्तजन माता के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। मयूर डोंगर की यह जतरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का जीवंत उदाहरण भी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती आ रही है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का सशक्त माध्यम बनते हैं, जो समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।



### भक्तों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

इस धार्मिक आयोजन में महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उक्त जानकारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य माता के पुजारी परमेश्वर नेताम ने दी।



## पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा

# 12वीं बोर्ड में सालेहा ने किया कमाल 95 प्रतिशत अंकों के साथ जिले की टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में केशकाल की छात्रा सालेहा पारेख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

■ जिले में छात्राओं का रहा दबदबा

सालेहा पारेख पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल केशकाल की छात्रा हैं। उनकी इस सफलता से विद्यालय सहित पूरे नगर में खुशी का माहौल है। खास बात यह है कि सालेहा ने इससे पहले कक्षा 10वीं में भी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। सालेहा के पत्रकार इमरान पारेख की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकगण और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सालेहा की इस



सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन और लगातार बेहतर प्रदर्शन का परिणाम माना जा रहा है। उनकी उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। सालेहा पारेक की इस उपलब्धि पर समस्त पत्रकार साथियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी खुशी जाहिर करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### छात्राओं का रहा दबदबा

खास बात यह है कि इस बार भी पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पूरी तरह छात्राओं का दबदबा रहा। जिले के टॉप 10 में छात्रा सलीमा पिता गुड्डूराम ने 92.80%, आएशा खातून मेमन पिता मो. आवेश ने 91.60%, नाजिश फातिमा पिता शब्बीर मेमन ने 91.20% अंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है।

### फरसगांव की बेटी कृति ने बढ़ाया मान, 12वीं बोर्ड में 94.40% अंक लाकर जिले में रहीं सेकंड

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में फरसगांव की छात्रा कृति देवांगन ने शानदार सफलता हासिल करते हुए जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कृति ने 94.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कृति देवांगन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलकी छात्रा हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार और नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। कृति, फरसगांव के कपड़ा व्यापारी चन्द्रहास देवांगन की



पुत्री हैं। बेटी की इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। कृति की उपलब्धि को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगातार बेहतर प्रदर्शन का परिणाम माना जा रहा है। शिक्षकों ने बताया कि कृति शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं और पढ़ाई के प्रति समर्पित रहीं। उनकी इस सफलता पर परिजनों, शिक्षकों, मित्रों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। कृति की सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी नई प्रेरणा मिलेगी।

## ज्ञान भारत अभियान में बड़ी उपलब्धि

# ग्राम बड़े कनेरा में मिली 150 वर्ष पुरानी पांडुलिपियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

ज्ञान भारतम् अभियान में ग्राम बड़े कनेरा निवासी रामूराम यादव के घर पर लगभग 150 वर्ष पुरानी उड़िया भाषा में लिखित 08 प्राचीन पांडुलिपियां प्राप्त हुईं। जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने ग्राम बड़े कनेरा का भ्रमण किया। कलेक्टर की उपस्थिति में इन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण कराया गया, जिससे उनका संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने वर्षों से पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने के लिए श्री यादव की सराहना की और उनसे विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर, ग्राम सरपंच सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**नागरिकों से सहभागिता की अपील :** कलेक्टर नूपुर राशि ने बताया कि ज्ञान भारतम् अभियान भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्राचीन हस्तलिखित धरोहरों को संरक्षित कर उन्हें पुनर्जीवित करना है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की गई है कि यदि उनके पास भी प्राचीन पांडुलिपियां हैं, तो प्रशासन को जानकारी दें, ताकि उनका संरक्षण और डिजिटलीकरण किया जा सके।

# विश्रामपुरी में रोका प्रशासन की संयुक्त टीम ने बाल विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

केशकाल विकासखंड अंतर्गत विश्रामपुरी में बाल विवाह की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया और तत्काल कार्रवाई की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम विवाह स्थल पर पहुंची और दस्तावेजों का सत्यापन किया। जांच में पाया गया कि वर की आयु निर्धारित वैधानिक उम्र से कम थी, जिससे यह बाल विवाह की श्रेणी में आता था। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दंड प्रावधान और इसके दुष्परिणामों के बारे में समझाइश दी। समझाइश के बाद दोनों परिवारों ने निर्धारित आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह करने पर सहमति जताई। प्रशासन की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोका गया। कार्रवाई में तहसीलदार, थाना प्रभारी, परिवीक्षा अधिकारी, चाइल्ड लाइन टीम एवं ग्राम के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### 5 मई से एसबीआई आरसेटीआई में दिया जाएग निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 5 मई से 12 दिवसीय निःशुल्क घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिए रहने, खाने एवं प्रशिक्षण की सभी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क रहेंगी। साथ ही आने-जाने के लिए किराया भत्ता भी दिया जाएगा। संस्थान द्वारा मोबाइल रिपेयरिंग और चार पहिया ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अंकसूची, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं 5 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी एसबीआई आरसेटीआई, कोण्डागांव कार्यालय में सीधे जाकर आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान से संपर्क किया जा सकता है।

# नारी शक्ति वंदन बिल, भाजपा पुतला दहन करेगी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण नारी शक्ति वंदन बिल के संसद में पारित नहीं होने को लेकर भारतीय जनता पार्टी में तीखा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी के विरोध में भाजपा मंडल 30 अप्रैल को नगर पंचायत में पुतला दहन करेगा।



भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव ने जानकारी देते हुए कहा कि यह बिल देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था, लेकिन विपक्षी दलों के विरोध और उदासीन रवैये के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने का माध्यम था। विपक्षी दल महिलाओं के अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन जब उन्हें सशक्त बनाने वाले फैसलों का समय आता है तो विरोध करने लगते हैं। इससे उनकी दोहरी मानसिकता उजागर होती है। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की महिला हितैषी योजनाओं और उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा जाएगा। भाजपा मंडल ने सभी कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा की सदस्यों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। नेताओं ने कहा कि विरोध प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा।

■ संसद में गिरने से भाजपाइयों में रोष

# अधिकारियों-कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



बस्तर संभाग में संचालित मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान अब गांवों से निकलकर शासकीय दफ्तरों तक पहुंच गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें जहां दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर निःशुल्क जांच और उपचार सुविधा दे रही हैं, वहीं अब कार्यालयों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाकर कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव की टीम द्वारा तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीएम सहित विकासखंड स्तर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कर्मचारियों का रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। साथ ही स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बेहतर जीवनशैली, संतुलित खानपान और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर आवश्यक परामर्श दिया।

अभियान के तहत क्षेत्र में मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग, कैंसर, सिकल सेल एवं मोतियाबिंद जैसी गंभीर बीमारियों की व्यापक स्क्रीनिंग भी की जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति का आभा आईडी बनाकर डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में इलाज और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुगम हो सके। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना, बीमारियों की समय पर पहचान करना और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# 30 साल सेवा, फिर भी पेंशन शून्य शिक्षकों के साथ अन्याय का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वर्षों तक विद्यालयों में शिक्षा की मशाल जलाने वाले हजारों शिक्षक आज सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक असुरक्षा की मार झेल रहे हैं। संविलियन नीति की खामियों के कारण बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक "जीरो पेंशन" की स्थिति में पहुंच रहे हैं, जिन्होंने 25 से 30 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं,लेकिन अब उन्हें न्यूनतम पेंशन तक का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर शिक्षकों के संगठनों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने जारी बयान में कहा कि वर्ष 2018 में हुए संविलियन के दौरान शिक्षकों की पूर्व सेवा अवधि को पेंशन योग्य सेवा में शामिल नहीं किया गया। इसी कारण 2028 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले हजारों शिक्षक न्यूनतम पेंशन से भी वंचित रह गए हैं। उन्होंने इसे केवल प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक अन्याय बताया। अंतिम वेतन लाख के करीब, फिर भी पेंशन शून्य,दशकों की सेवा के बाद सम्मानजनक जीवन का अधिकार अधूरा,वर्तमान प्रावधानों के अनुसार संविलियन के बाद 10 वर्ष की सेवा पूरी होने पर ही न्यूनतम पेंशन का अधिकार बनता है। चूंकि अधिकांश शिक्षकों का संविलियन 2018 में हुआ, इसलिए 2028 से पहले रिटायर होने वाले शिक्षक इस पात्रता से बाहर हो रहे हैं। यही कारण है कि 1998, 1999 और 2005 से सेवा दे रहे शिक्षक भी सेवानिवृत्ति के बाद शून्य पेंशन की श्रेणी में पहुंच रहे हैं। स्थिति की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि जिन शिक्षकों का अंतिम वेतन 80 से 90 हजार रुपये तक पहुंचता है, वे रिटायरमेंट के अगले ही माह न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा से भी वंचित हो जाते हैं।

■ संविलियन नीति की खामी से हजारों शिक्षक आर्थिक असुरक्षा के दायरे में



### सीएसपीडीसीएल प्रबंधन व कर्मचारी संघ के मध्य हुई द्विपक्षीय वार्ता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को प्रबंधन और स्टेट पॉवर कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ के मध्य एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई। यह बैठक संघ द्वारा पूर्व में प्रेषित मांग पत्र के संदर्भ में आयोजित की गई थी। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने कार्यपालक निदेशक के समक्ष कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों को विस्तार से रखा। चर्चा के दौरान बस्तर क्षेत्र में कार्यालयीन कैडर के लगभग 52 फीसदी पद रिक्त होने के कारण कर्मचारियों पर बढ़ते अतिरिक्त कार्यभार की समस्या से अवगत कराया गया। वर्तमान में उपयोग किए जा रहे पुराने कंप्यूटर और प्रिंटर को बदलकर नए सिस्टम उपलब्ध कराने की मांग की गई। जोनवार वरिष्ठता सूची जारी करने वाले आदेश को निरस्त कर केंद्रीयकृत सूची बहाल करने हेतु प्रबंधन से पहल करने का आग्रह किया गया। फील्ड कार्यालयों में पृथक शौचालयों का निर्माण और गर्मी के मौसम को देखते हुए कूलर व पंखों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।

## रेलवे बोर्ड के फैसले से बदली पहचान, जिम्मेदारियां यथावत

# स्टेशन मास्टर नहीं, अब कहलाएंगे स्टेशन प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय रेलवे में प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए रेलवे बोर्ड ने स्टेशन मास्टर पद का नाम बदलकर अब स्टेशन प्रबंधक कर दिया है। इस फैसले के बाद रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत अधिकारियों की नई पहचान इसी पदनाम से होगी। रेलवे प्रशासन का मानना है कि यह बदलाव जिम्मेदारी आधारित व्यवस्था को अधिक स्पष्ट रूप में सामने लाएगा। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश के बाद यह नियम प्रभावी कर दिया गया है। अब तक स्टेशन संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी "स्टेशन मास्टर" के रूप में जाने जाते थे, लेकिन अब उन्हें "स्टेशन प्रबंधक" कहा जाएगा। यह परिवर्तन रेलवे की कार्यप्रणाली को अधिक समकालीन और प्रशासनिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

■ आधुनिक प्रशासनिक सोच के तहत रेलवे में पदनाम परिवर्तन लागू




### भूमिका को अधिक व्यापक और आधुनिक रूप देना

रेलवे बोर्ड ने स्टेशन मास्टर पदनाम को बदलकर स्टेशन प्रबंधक किया।यह नया पदनाम देशभर के सभी रेलवे स्टेशनों पर लागू होगा। बदलाव का उद्देश्य भूमिका को अधिक व्यापक और आधुनिक रूप देना है।प्रशासनिक जिम्मेदारियों की स्पष्ट पहचान के लिए यह कदम उठाया गया।कार्यप्रणाली, अधिकार और दायित्व पहले जैसे ही रहेंगे। जगदलपुर सहित बस्तर संभाग के स्टेशनों में आदेश प्रभावी हो गया।रेलवे अधिकारियों ने इसे सकारात्मक और समयानुकूल निर्णय बताया।

### पदनाम बदला कार्य वही रहेगा

रेलवे बोर्ड का मानना है कि "प्रबंधक" शब्द स्टेशन संचालन से जुड़ी बहुआयामी जिम्मेदारियों को अधिक सटीक रूप में दर्शाता है। स्टेशन स्तर पर प्रशासन, यात्री सुविधा, सुरक्षा समन्वय और परिचालन व्यवस्था जैसे कई महत्वपूर्ण दायित्व इसी पद से जुड़े होते हैं। ऐसे में नया पदनाम उनकी भूमिका को व्यापक पहचान देगा। जगदलपुर के डीआरएम ललित बोहरा ने बताया कि यह केवल नाम परिवर्तन है,स्टेशन संचालन की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार का अंतर नहीं आएगा। बस्तर संभाग के रेलवे स्टेशनों में कार्यरत अधिकारियों ने भी इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## पेज 11 के शेष

### मरीन ड्राइव की सुंदरता...

जिससे न केवल दीवारों की मूल पेंटिंग पूरी तरह छिप गई है, बल्कि पूरा क्षेत्र अव्यवस्थित और गंदा प्रतीत हो रहा है। यह स्थिति न केवल शहर की छवि को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि नगर पालिका की मेहनत का भी अनादर है। स्थानीय नागरिकों में इसको लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में ऐसे मामलों में और बढ़ोतरी हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से पोस्टर चिपकाने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं और जिम्मेदार व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जाए।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में 79 मरीजों का किया उपचार



**बीजापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार पुनर्वास केंद्र बीजापुर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 79 मरीजों का परीक्षण कर मौके पर ही उपचार प्रदान किया गया। शिविर में बुखार के 5, लूज मोशन के 6, खांसी-जुकाम के 19, त्वचा संक्रमण के 21 तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित 18 मरीज शामिल रहे। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराते हुए चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया। शिविर के आयोजन से पुनर्वास केंद्र में रह रहे लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिला।

### जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण और पारदर्शी सेवा प्रदाय करें




**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकनी सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की प्राथमिकताओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना ही सुशासन का मूल आधार है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष भी सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए सभी विभागों को अभी से तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रारंभ ज्ञानभारतम मिशन के क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा हमारे प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित ग्रंथों में संरक्षित है।

## निधन

### अशोक पांडे



**जगदलपुर।** शहर के लालबाग हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी पंडित अशोक पांडेय (70 वर्ष) का 29 अप्रैल को धमतरी के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान सुबह 7:30 बजे निधन हो गया। वे कृषि विभाग से सेवानिवृत्त लेखापाल थे,वे अपने पीछे पत्नी, बेटा-बहु, बेटी-दामाद नाती, पोता से भरा परिवार छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे खड़कघाट मुक्तिधाम में होगा। अंतिम यात्रा लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निजी निवास से निकलेगी।

### दोरनापाल नगर पंचायत में नियमों की अनदेखी

# टेंडर प्रक्रिया में देरी से कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दोरनापाल

सुकमा जिले का दोरनापाल नगर पंचायत एक बार फिर सवालों के घेरे में खड़ा है। 13 तारीख को प्रस्तावित टेंडर प्रक्रिया 30 तारीख तक भी पूरी नहीं हो पाई है, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहराता जा रहा है। तय समय पर टेंडर नहीं खुलना और फाइल का अब तक बंद रहना प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। यह देरी केवल एक तकनीकी चूक है या फिर इसके पीछे कोई सुनियोजित रणनीति,

- 13 तारीख को प्रस्तावित टेंडर प्रक्रिया 30 तारीख तक भी पूरी नहीं हो पाई



यह अब जांच का विषय बनता जा रहा है ऐसा आरोप जनप्रतिनिधियों ने लगाया है। आरोप है कि नगर पंचायत में नियमों से ज्यादा रिश्तों को प्राथमिकता दी जा रही है। यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं किसी खास ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए जानबूझकर समय तो नहीं खींचा जा रहा। इस मामले को लेकर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। एक जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी का इस तरह जवाब देने से बचना, लोगों के मन में संदेह को और गहरा कर रहा है।

अब जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी सामने आएं, स्पष्ट रूप से देरी के कारणों को सार्वजनिक करें और यह भरोसा दिलाएं कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। अन्यथा यह मामला न सिर्फ जांच का विषय बनेगा, बल्कि प्रशासन की साख पर भी गहरा असर डालेगा। दोरनापाल नगर पंचायत की यह चुप्पी अब सवालों के तूफान में बदल चुकी है और जनता जवाब चाहती है।

### पूर्व अध्यक्ष ने उठाए सवाल



पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबीता माड़वी ने इस पूरे मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नगर पंचायत की टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह लगातार देरी हो रही है, उससे साफ तौर पर संदेह पैदा हो रहा है। अगर सब कुछ नियम अनुसार है तो फिर टेंडर खोलने में देर क्यों की जा रही है। जनता के विकास कार्यों को रोककर किसी खास व्यक्ति या ठेकेदार को लाभ पहुंचाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन को तत्काल स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, नहीं तो जनता आंदोलन के लिए मजबूर होगी। उन्होंने आगे कहा कि बरसात सिर पर है, ऐसे समय में विकास कार्य लटकाना सीधे-सीधे जनता के हितों के खिलाफ है। यदि समय रहते प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो इसका नुकसान आम नागरिकों को भुगतना पड़ेगा।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली

नगर के प्रतिष्ठित आदर्श माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई सरस्वती स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम वितरण हेतु गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के कक्षा छठवीं और सातवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस समारोह में छात्र-छात्राओं के चेहरे अपनी उपलब्धि पर खिले नजर आए।

- आदर्श माध्यमिक शाला में परीक्षा परिणाम घोषित

इस वर्ष शाला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था को दर्शाता है। मेधावी छात्र-छात्राओं ने कड़े परिश्रम के बल पर शानदार अंक अर्जित किए।

कक्षा छठवीं में जोगा ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। लिशा ने 94 प्रतिशत के साथ दूसरा और ज्योति ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा सातवीं में प्राची ने 89.30 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम रैंक हासिल की। वहीं खुशबू ने 88.10 प्रतिशत के साथ द्वितीय और तान्या ने 77.60 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष सूरज कुमार जायसवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही भविष्य की चाबी है, इसलिए आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई जारी रखें।

इसके साथ ही उन्होंने पालकों से सीधा संवाद करते हुए बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रगति पत्रक सौंपकर प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों समेत शाला की प्राचार्या शिखा परते, शिक्षकगण शैलेश साहू, दुर्गेश देवांगन, भारती कर्मा, अंजू पारधी, तथा बिम्बिता नायक उपस्थित रहें।

# प्रमोद हुए सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार विकासखंड दरभा के व्याख्याता प्रमोद कुमार मरावी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और शिक्षा में नवाचार हेतु सावित्रीबाई फुले नेशनल वूमेन टीचर्स फेडरेशन न्यू डेल्ही के द्वारा वृंदावन हाल रायपुर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

व्याख्याता प्रमोद कुमार मरावी जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी का दायित्व निभा रहे हैं। इनके द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत 2000 से अधिक सोखता गढ्ढा (मिनी वाटर शेड) का निर्माण किया जा चुका है। जिससे वर्षाजल को भूमिगत किया जा रहा है। जिससे भूमिगत जल में वृद्धि हुआ है। वृक्षारोपण एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत 3500 से अधिक पौधे लगाए व वितरित किए जा चुके हैं। प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा एक बॉटल के बदले एक पेन अभियान चलाया गया और उस प्लास्टिक बॉटल से तकनीकी ट्री गार्ड का निर्माण गया जिससे पौधों को सुरक्षा और पानी मिलेगा साथ ही प्लास्टिक से मुक्ति भी। इनके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से प्रति रविवार को विभिन्न जागरुकता अभियान चलाया जाता है। साथ समय समय पर भारत सरकार के निर्देशानुसार कार्य किया जाता है।

बच्चों को उचित मार्गर्शन और मोटिवेशन किया जाता है। इनके प्रयास से बच्चे राज्य स्तर के विभिन सेमिनार और कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय शिविर में बस्तर के छिंदकला को विशेष पहचान मिला। शिक्षा में नवाचार करते हुए हर वर्ष गांधी जयंती पर बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा से जोड़ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है और प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को नगद और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है। इससे बच्चों में प्रतियोगित परीक्षा के प्रति रुझान बढ़ा है।

# पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा



पीएम श्री सेजेस लोहांडीगुड़ा में प्राथमिक एवं मिडिल विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बसंत कश्यप ने विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी कक्षा के लिए अभी से मेहनत एवं लगन के साथ अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया।

विद्यालय के प्राचार्य ने 100 प्रतिशत परिणाम घोषित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिसर में उत्साह एवं खुशी का माहौल रहा।

# औषधि प्रकोष्ठ सख्त, कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई भी तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार के संकल्प को ज़मीन पर उतारते हुए औषधि प्रकोष्ठ टीम ने जिले में व्यापक और सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षित उपयोग, अस्पतालों में मानकों के पालन और आम जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना रहा।

अभियान के तहत टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 7 प्रसाधन सामग्री दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध उत्पादों की गुणवत्ता, लाइसेंस संबंधी दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी डेट तथा निर्धारित नियमों के पालन की बारीकी से जांच की गई।

अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे केवल मानक और प्रमाणित उत्पादों का ही विक्रय करें तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता न करें। इसके साथ ही टीम ने 4 अस्पतालों का निरीक्षण कर वहां संचालित कोल्ड चैन सिस्टम और वैक्सीन के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि वैक्सीन निर्धारित तापमान पर सुरक्षित रखे जा रहे हैं, तापमान रिकॉर्ड नियमित रूप से संधारित हो रहा है तथा उपकरण सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। टीम ने अस्पताल प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# स्वगणना से सशक्त होगी जनगणना प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार आगामी जनगणना को सरल, सटीक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वगणना की जानकारी व्यापक रूप से दी जा रही है। प्रशासन द्वारा विशेष ग्राम सभाओं एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जा रहा है। इन बैठकों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि ऑनलाइन स्वगणना के माध्यम से वे स्वयं अपने परिवार की जानकारी निर्धारित प्रारूप में दर्ज कर सकते हैं। स्वगणना के अंतर्गत परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर, घर का पता, मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों का विवरण, वाहन, बिजली-पानी की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरने के महत्व को विस्तार से समझाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि स्वगणना की प्रक्रिया अपनाने से जनगणना कार्य में लगे प्रेक्षकगण को सुविधा होगी तथा समय की भी बचत होगी। साथ ही, इससे आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी जा रही है कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का आवंटन किया जाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। इसी क्रम में तहसील गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमड़ा में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी दंतेवाड़ा एवं तहसीलदार गीदम द्वारा विशेष ग्राम सभा शिविर आयोजित कर स्वगणना के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वगणना की प्रक्रिया समझाई गई तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी किया

# सुदूर अंचल में विकास की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

भोपालपटनम ब्लॉक के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने कांडलापरती में आयोजित सैचुरेशन शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित सचिव, पटवारी एवं सरपंच को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

अपर कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें बस्तर मुन्ने एवं नियद नेल्लानार 2.0 योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि वे सैचुरेशन अभियान को सफल बनाने में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान



अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं और आवश्यकताओं को भी गंभीरता से सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात उन्होंने सफीमरका और बड़ेकाकलेर ग्रामों का दौरा किया जहां निर्माणाधीन स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र तथा पीडीएस भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत सहित ब्लॉक स्तरीय अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

# बीईओ रहे लोकनाथ सिंह को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा




जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम विद्यालय में पूर्व प्राचार्य एवं लोहंडीगुड़ा, तोकापाल और बस्तर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के रूप में कार्य कर चुके लोकनाथ सिंह नाग का भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनके दीर्घकालीन सेवाकाल और योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

लोकनाथ सिंह नाग ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे न केवल एक कुशल शिक्षक और प्रशासक रहे, बल्कि आदिवासी समाज एवं हल्बा समाज के पदाधिकारी के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके कार्यों और व्यवहार की छाप आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम जिस भी सेवा में होते हैं, वहां अपने आचरण, कर्म और व्यवहार से ऐसी छाप छोड़ते हैं, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी स्मरणीय रहती है। अपने संबोधन में उन्होंने अपने लंबे शैक्षणिक जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उनकी पहली नियुक्ति सहायक शिक्षक के रूप में एक दुर्गम और घने जंगल वाले क्षेत्र में हुई थी, जहां अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। खराब सड़कों और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। लगभग 10 वर्षों तक उस क्षेत्र में सेवा देने के बाद उनका स्थानांतरण सागर हुआ, जहां उन्होंने आगे की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने माध्यमिक शाला में 8–9 वर्षों तक सेवा दी और वर्ष 2008 में पदोन्नति के बाद छात्रावास की जिम्मेदारी संभाली।

उन्होंने छात्रावास के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2012 में उन्हें व्याख्याता के रूप में पदोन्नति मिली और बस्ताना में BRC के रूप में कार्य किया। इसके पश्चात उन्होंने लोहंडीगुड़ा एवं बस्तर में BEO के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। लोकनाथ सिंह नाग ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न रहते हुए उन्होंने प्राचार्य के रूप में भी कार्य किया।

इस दौरान उन्होंने एक जर्जर विद्यालय को सुधारकर उसे बेहतर स्थिति में लाने का कार्य किया, जो उनकी प्रमुख उपलब्धियों में से एक रहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य किया और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में प्राचार्य बृजेश प्रसाद ने अपने संबोधन में लोकनाथ सिंह नाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान विद्यालय परिवार के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि लोकनाथ सिंह नाग शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं।

### नाम परिवर्तन की सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार रितिका जैन, पिता- इंदल राम जैन उम्र-18 वर्ष, जाति-कलार, निवासी ग्राम भोडिया, तहसील-भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का वास्तविक व सही नाम रितिका जैन **RITIKA JAIN** पिता- इंदल राम जैन **INDAL RAM JAIN** है, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक 7812 2872 3404 में नाम कुमारी रितिका सरोज **KUMARI RITIKA SAROJ** पिता- इंदल राम सरोज **INDAL RAM SAROJ** त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर रितिका जैन **RITIKA JAIN** पिता इंदल राम जैन **INDAL RAM JAIN** लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ-पत्र दिनांक- 17/04/2026 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ. ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम रितिका जैन **RITIKA JAIN** पिता- इंदल राम जैन **INDAL RAM JAIN** किया जावें तथा पहचाना जावें।

दिनांक :- 29.04.2026

**रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)**
**भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.), मो.- 9098406706**

# गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आए नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत समस्त नगरवासियों एवं संत समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम आज सुकमा जिले के प्रत्येक तहसील में ज्ञापन गई है। यह ज्ञापन स्थानीय प्रशासन के माध्यम से भेजा जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान से जुड़े लोगों ने तहसीलदार एवं जिला कलेक्टर को संबोधित एक आवेदन पत्र तैयार किया है, जिसमें भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था और ग्रामीण जीवन में गौवंश के महत्व को रेखांकित किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि गाय न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पर्यावरण संतुलन और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

- गौवंश के महत्व को रेखांकित किया

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन





सुकमा में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी, विहिप के जिलाध्यक्ष अनिल टावरी, वनवासी कल्याण आश्रम के जंगईया, गुप्तेश्वर गंगबेर, वरिष्ठ पत्रकार लीलाधर राठी, भोमराज जैन, सत्यभामा गंगबेर, मालती भदौरिया, मनीषा शर्मा, राधे राधे पण्डित, फकीर महाराज, नर्मदा मेडम, मीना सिरसिया, बसंती यादव, राजकुमार लोहिया, विजेन्द्र नाहटा, ,जागेश्वर साहू के साथ अनेकों नगरवासी उपस्थित रहे।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से ठोस नीति बनाने तथा जनजागरूकता बढ़ाने की मांग की गई है। अभियान से जुड़े लोगों ने बताया कि यह ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का उद्देश्य है, ताकि गौसंरक्षण के विषय में व्यापक स्तर पर विचार हो सके और आवश्यक निर्णय लिए जा सकें।

आवेदन पत्र में नगरवासियों, संत समाज और सामाजिक कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर भी शामिल हैं, जो इस अभियान के प्रति लोगों के समर्थन को दर्शाते हैं। अभियान के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे इस ज्ञापन को उच्च स्तर तक पहुंचाने में सहयोग करें और इस पुनीत कार्य में अपना मार्गदर्शन प्रदान करें।



## खबर संक्षेप

### अज्ञात चालक पर दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत देवडोंगर निवासी टिकेश कुमार नेताम ने थाना सरोना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 अप्रैल की रात करीब साढ़े 10 बजे उनके छोटे भाई मुकेश कुमार नेताम, जो बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन हैं, बाइक सीजी 19 बीएन 7087 से कांकेर से अपने गांव लौट रहे थे। भिरौद के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। हादसे में मुकेश के दाहिने घुटने में गंभीर चोट आई और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नारायणपुर के मरीज का पखांजूर में इलाज जारी

**कांकेर।** नारायणपुर जिले के ग्राम बीनागुण्डा निवासी मरीज मारू पद्दा, पिता स्व. कुले पद्दा को खाट पर लिटाकर सिविल अस्पताल पखांजूर लाए जाने संबंधी 25 अप्रैल को प्रकाशित खबर के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने बीएमओ पखांजूर के हवाले से बताया कि उक्त 45 वर्षीय मरीज को उनके गृह ग्राम बीनागुण्डा जिला नारायणपुर से खाट पर लिटाकर कांकेर जिले के सीमावर्ती ग्राम खैरीपदर विकासखण्ड कोयलीबेड़ा तक पैदल लेकर आने की जानकारी मिलते ही बीएसएफ कैंप छोटेबेठिया की फोर्स के वाहन से तत्काल सिविल अस्पताल पखांजूर लाकर भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि मरीज पद्दा का इलाज वर्तमान में कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय कांकेर में इलाज चल रहा है तथा विभिन्न प्रकार का परीक्षण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बेहतर उपचार के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।

### 74 श्रद्धालु रामलला दर्शन के लिए रवाना

**कांकेर।** श्री रामलला दर्शन यात्रा योजना के अंतर्गत कांकेर जिले से श्रद्धालुओं का दल मंगलवार 28 अप्रैल को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा में 72 दर्शनार्थियों के साथ 02 अनुरक्षक सहित कुल 74 यात्रियों को आजीविका महाविद्यालय, गोविंदपुर कांकेर से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान कराया गया। जिले के सभी श्रद्धालुओं ने 29 अप्रैल को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए यात्रा प्रारंभ किया, जहां वे श्री रामलला के दर्शन का लाभ प्राप्त करेंगे।

## निधन

### देवसिंह उयके

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत सुखई निवासी देवसिह उयके का



आकस्मिक निधन हो गया, वे वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### रामेश्वर नेताम

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम रिसेवाडा बनसागर निवासी रामेश्वर



नेताम का आकस्मिक निधन, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम रिसेवाडा में किया गया।

# खूटपदर वार्षिक मेले में उमड़ी भीड़, परंपरा और आस्था का बना उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

ग्राम खूटपदर में आयोजित ऐतिहासिक वार्षिक मेला इस वर्ष भी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत केंद्र बना। कोदईमाता मंदिर परिसर में इस भव्य मेले में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। बस्तर अंचल की सांस्कृतिक आत्मा माने जाने वाले इस मेले में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी ने उत्सव को और अधिक जीवंत बना दिया।

वार्षिक मेले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कोदईमाता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। इस अवसर पर धार्मिक श्रद्धा के साथ सामाजिक सरोकारों की भी झलक देखने को मिली।

मेले के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस आत्मीय स्वागत ने मेले के सांस्कृतिक महत्व को और अधिक रेखांकित किया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

किरण देव ने कहा कि खूटपदर के कोदईमाता मंदिर में आयोजित यह ऐतिहासिक वार्षिक मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

### कोदईमाता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल प्रभारी रजनीश पाणिग्राही, सुब्रतो विश्वास, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, सरपंच सुकलधर, महामंत्री राजेश शर्मा, मनोज पटेल, राधे पन्द्रै, रूपेश समरथ, गणेश नागवंशी, राधे सेठिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मनमानी : चालकों को यातायात पुलिस ने दी चेतावनी

# मुख्य मार्ग पर मनमानी पार्किंग पर चला यातायात का डंडा, वसूला समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शहर के मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ते जाम की समस्या को लेकर प्रकाशित खबर का असर आखिरकार देखने को मिला। लगातार मिल रही शिकायतों और मीडिया में मुद्दा उठने के बाद यातायात विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे और बीच मार्ग में खड़ी गाड़ियों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई किया गया।




खबर का असर

शहर के व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर लंबे समय से अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा रही थी। सुबह और शाम के समय हालात और भी बदतर हो जाते थे, जब वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार सड़क के किनारे ही नहीं बल्कि कई बार सड़क के बीचों-बीच गाड़ियां खड़ी कर देते थे। इससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इस गंभीर समस्या को लेकर 29 अप्रैल को हरिभूमि में प्रकाशित समाचार के बाद यातायात विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया। यातायात प्रभारी दीपक साव के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर खड़ी दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कई स्थानों पर ऐसे वाहन पाए गए जो नो-पार्किंग जोन में खड़े थे या सड़क के आवागमन को बाधित कर रहे थे। यातायात विभाग ने ऐसे वाहनों का चालान वसूलते हुए उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी। कार्रवाई के दौरान कुछ वाहन चालकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी भी मांगी और आगे से नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया। यातायात विभाग ने यह भी संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में और सख्ती बरती जाएगी तथा बार-बार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी

यातायात प्रभारी दीपक साव ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बन रही थी, जिस पर आज कार्रवाई की गई है। आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से अपील है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें।

## आमागढ़ हाईस्कूल का परीक्षाफल 100 प्रतिशत, सभी प्रथम श्रेणी में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025-26 में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

विद्यालय के मेधावी छात्र अभिनव साहू ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हर्षवर्धन उइके और रेणुका बढ़ाई ने 86-86 प्रतिशत अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल के बच्चे भी प्रतिभा और मेहनत के दम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इस उपलब्धि पर प्रभारी प्राचार्य उदे राम भुआर्य सहित शिक्षकगण सबल दीवान, बृजेश साहू, विनोद साहू, रामनाथ गोटा, सुरेंद्र उइके, ममता रावटे, अनिल वर्मा, आत्माराम तारमे और भुनेश उसेंडी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। ग्राम पंचायत के सरपंच शिवलाल ध्रुव ने इसे पूरे गाँव की उपलब्धि बताते हुए सभी को बधाई दी।

विद्यार्थियों की सफलता से अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखा गया। अनिल साहू, गणेश राम उइके, दिनेश मेरिया, पूर्णिमा धाकड़ और भागेश्वरी सहित कई अभिभावकों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूरे गाँव में मिठाइयाँ बाँटी गईं, पटाखे फोड़े गए और नाच-गाने के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया। आमागढ़ की इस सफलता ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि सच्ची मेहनत और दृढ़ संकल्प के सामने संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बन सकती।

# भानुप्रतापपुर में हत्या की साजिश का खुलासा चुनावी रंजिश में बीस हजार में दी थी सुपारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र में अपराध का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां चुनावी रंजिश और पुरानी दुश्मनी ने सुपारी किलिंग का रूप ले लिया। एक युवक को रास्ते से हटाने के लिए महज 20 हजार में उसकी हत्या की सुपारी दी गई और सुनियोजित तरीके से उस पर जानलेवा हमला कराया गया। लोहत्तर थाना पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर साजिश का पर्दाफाश किया है।



जानकारी के अनुसार यह घटना 24-25 अप्रैल की दरमियानी रात की है। ग्राम तुमरीसुर निवासी 32 वर्षीय लालजी पुडो एक शादी समारोह से देर रात अपने घर लौट रहे थे। उसी रात करीब 12 बजे जैसे ही वे घर के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर और हाथ पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस जांच में इस वारदात के पीछे गहरी साजिश का खुलासा हुआ है। मुख्य साजिशकर्ता अनिल पुडो, राजेश उर्फ राकेश आंचला और मनसा नेताम ने मिलकर लालजी पुडो को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसके लिए उन्होंने भानुप्रतापपुर के रोहित जैन और भुरू उर्फ दिनेश को 20 हजार की सुपारी दी थी। हमले से पहले आरोपियों ने कई बार आपस में संपर्क कर पूरी योजना तैयार की। समय, स्थान और हमला करने की रणनीति पहले ही तय कर ली गई थी। घटना की रात सभी आरोपी गांव पहुंचे और सुनसान स्थान, इमली पेड़ के पास छिपकर लालजी का इंतजार करने लगे। जैसे ही वे वहां पहुंचे, आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

**आरोपियों को भेजा गया जेल:** इस मामले में हत्या का षडयंत्र रचने वाले अनिल पुडो, राजेश उर्फ राकेश आंचला और मनसा नेताम और 20 हजार में हत्या करने वाले भानुप्रतापपुर के रोहित जैन और भुरू उर्फ दिनेश के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### 20 हजार में दी थी सुपारी

मीडिया से रूबरू होते हुए एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर 20 हजार में हत्या करने की सुपारी दिया गया था, परंतु हत्या करने में कामयाब नहीं हो पाएं। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल्स और मुखबिरों की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। साक्ष्यों के आधार पर एक-एक कर सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने पूरी साजिश कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू, एक मोटरसाइकिल और चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह सभी इस अपराध के महत्वपूर्ण सबूत माने जा रहे हैं।

## सशिमं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत, मेधावी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

सरस्वती शिशु मंदिर अंतागढ़ में बुधवार 29 अप्रैल को सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख परिणाम में अरुण कक्षा प्रथम काव्या साहू एवं मयंक कुमेटी, द्वितीय घनिष्ठ साहू, उदय कक्षा प्रथम दक्षिका नाग, द्वितीय अनन्या नंदा, प्रथम कक्षा प्रथम ऋषभ कल्लो, द्वितीय लिसा नूरेटी, द्वितीय कक्षा प्रथम प्रणव सिंह सोलंकी, द्वितीय भेषज अंचल एवं धवल राज पांडे, तृतीय कक्षा प्रथम वनवी दरो, द्वितीय चयन नाविक, चतुर्थ कक्षा प्रथम मीनाक्षी साहू, द्वितीय टिकेंद्र कल्लो, छठवीं कक्षा प्रथम अक्ष सिंह सोलंकी, द्वितीय जिनम जैन एवं भवेंद्र कोर्राम, सप्तम कक्षा प्रथम ज्ञानेश्वर ठाकुर, द्वितीय राजवीर लावत्रे रहा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की अरुणोदय समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, राम विलास गुप्ता, समिति सदस्य भूषण लाल साहू, महिला समिति अध्यक्ष टीकम साहू, उपाध्यक्ष रंजीता नूरेटी सहित विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य, दीदीयों एवं पालकगण उपस्थित रहे।



## पीवी 85 में बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित परिवारों की मदद आंगनबाड़ी संघ ने की

**पखांजूर।** मानवता और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता सहायिका संघ ब्लॉक पखांजूर ने पीवी 85 में हाल ही में हुई बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है। संकट की इस घड़ी में संगठन की महिलाओं ने एकजुट होकर पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाई।

ज्ञात हो कि प्रशासनिक कार्रवाई के बाद पीवी 85 क्षेत्र के कई परिवार बेघर हो गए थे और खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर थे। ऐसी स्थिति में उनकी बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने सामूहिक रूप से खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं का संग्रह किया। इसके बाद स्वयं प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को सामग्री वितरित की गई। संगठन की इस पहल को क्षेत्र में सराहना मिल रही है। आमतौर पर अपने अधिकारों और मांगों को लेकर सक्रिय रहने वाला यह संगठन इस बार सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए पीड़ितों के साथ खड़ा नजर आया। राहत सामग्री मिलने पर प्रभावित परिवारों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कर्तव्य केवल सेवाएं देना ही नहीं, बल्कि समाज के हर सुख-दुख में सहभागी बनना भी है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक कार्रवाई के बाद प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता की जरूरत थी, जिसे पूरा करने का यह एक छोटा प्रयास है।

# पंडरीपानी संकुल में सेवानिवृत्त शिक्षकों को ससम्मान विदाई दी



**चारामा।** संकुल केंद्र पंडरीपानी में शिक्षा जगत को अपनी लंबी, समर्पित और प्रेरणादायक सेवाएं देने वाले तीन वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान में भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरानुसार माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं वंदना के साथ किया गया। संकुल प्राचार्य नंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, उसके द्वारा प्रज्वलित ज्ञान का दीपक सदैव समाज को आलोकित करता रहता है। इस अवसर पर रविशंकर नागे, कोमल सिंह महावीर, ईश्वरीलाल डड़सेना शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने इन शिक्षकों के अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन विनीता यादव एवं सुभाष चंद्र साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा एवं मार्गदर्शन संकुल समन्वयक मिथिलेश कर शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों के सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की।

## सम्मान समारोह आयोजित कर प्राचार्य को दी विदाई

**पखांजूर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में प्राचार्य कविंद्र सेन के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों और अतिथियों ने कविंद्र सेन के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके शैक्षिक योगदान और नेतृत्व क्षमता को याद किया। सभी शिक्षकों द्वारा उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील ने प्राचार्य कविंद्र सेन को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में वर्तमान प्राचार्य श्यामल चंद्र देवनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम भावुक माहौल में संपन्न हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने कविंद्र सेन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष अजय बाछाड़, उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी, बीआरसी विप्लव बनर्जी, सीआरसी उर्वशा, प्राचार्य अरुण कीर्तनिया सहित हरनगढ़ संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411